1 MAY
रांची,बुधवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

## रायबरेली और अमेठी को लेकर क्यों उलझी है कांग्रेस? जयराम रमेश बोले-कोई डर नहीं रहा है...



**डेली खबर 99- सवांददाता, नई दिल्ली**

सात चरणों में हो रहे इस बार के लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है और कांग्रेस अबतक अमेठी और रायबरेली सीट के लिए उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। वहीं, अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की कयासबाजी चरम पर है। इस बीच कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के बारे में फैसले की घोषणा अगले 24-30 घंटों के भीतर कर दी जाएगी। इसे लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पुष्टि की है और बताया है कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने इन निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवारों पर अंतिम निर्णय लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत किया है।कोई देरी नहीं हुई है...कोई डर नहीं रहा है-रमेश,एक प्रेस वार्ता के दौरान अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा में हो रही देरी पर सवालों के जवाब देते हुए, जयराम रमेश ने कहा, "कोई देरी नहीं हुई है। उन्होंने ये भी कहा कि क्या भाजपा ने रायबरेली में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है? अमेठी से तो भाजपा की तरफ से स्मृति ईरानी मौजूदा सांसद हैं ही।" रमेश ने यह भी कहा कि उम्मीदवार के नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई है। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने से कांग्रेस के 'डरने' की अफवाहों को भी खारिज कर दिया और कहा, 'कोई नहीं डर रहा है, चर्चा चल रही है, इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है।'

### अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका हो सकती हैं उम्मीदवार

ऐसी अटकलें हैं कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे जबकि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी रायबरेली से मैदान में होंगी। उत्तर प्रदेश में राज्य चुनाव समिति ने और केंद्रीय चुनाव समिति ने राहुल गांधी को अमेठी से और प्रियंका को रायबरेली से मैदान में उतारने का आग्रह किया है। बता दें कि राहुल गांधी वर्तमान में केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं, जहां से उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में और इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ा था।

## प्रियंका गांधी बोलीं- असम में माफियाराज, सीएम हिमंत विश्व शर्मा पर लगाए गंभीर आरोप



**डेली खबर 99- स्पेशल डेस्क**

दिसपुर: कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि असम में माफिया राज है। प्रियंका ने ये आरोप भी लगाए कि सीएम हिमंत विश्व शर्मा राज्य में अनेक घोटालों में शामिल हैं। धुबरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने दावा किया कि शर्मा का असम में एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के नेता बदरुद्दीन अजमल से उसी तरह गुप्त समझौता है, जैसा बीजेपी का तेलंगाना में असदुद्दीन ओवैसी के साथ है और इन दोनों दलों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है।प्रियंका ने कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके लिए वोट मांगे और फिर उन्हें देश छोड़ने से नहीं रोका। प्रियंका ने कहा, ‘‘असम में माफिया राज है। जमीन, सुपारी, रेत, कोयला और अन्य सभी क्षेत्रों में माफिया काम कर रहे हैं। हर जगह जबरन वसूली हो रही है और माफिया काम कर रहे हैं।’’उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों की संपत्तियां, पीपीई किट और फ्लाईओवर समेत सभी तरह के घोटाले और लगातार गौ तस्करी हो रही है, लेकिन केवल एक चीज नहीं हो रही है और वह राज्य में विकास। कांग्रेस नेता ने कहा कि शर्मा जब कांग्रेस में थे तो उनके खिलाफ कई आरोप थे लेकिन वह ‘भाजपा की वॉशिंग मशीन’ में साफ हो गए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में भगवान रामलला का किया दर्शन, सरयू घाट पर महाआरती में हुईं शामिल



अयोध्या: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या पहुंचकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला के दर्शन किए। द्रौपदी मुर्मू ने मंदिर में राम लला की आरती भी की। राम मंदिर बनने के बाद राष्ट्रपति का यह पहला अयोध्या दौरा है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स हैंडल पर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री हनुमान गढ़ी मंदिर, अयोध्या में दर्शन किए और पूजा की।

### राष्ट्रपति को भेंट की गई रामलला की मूर्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्री राम जन्मभूमि मंदिर की एक लघु प्रतिकृति और राम लला की मूर्ति की एक फ्रेमयुक्त तस्वीर भेंट की गई। 22 जनवरी को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पहली बार है कि राष्ट्रपति अयोध्या का दौरा कर रही हैं। राम मंदिर उद्घाटन के बाद राष्ट्रपति ने पहली बार भगवान राम के दरबार में पहुंची। इस दौरान मुख्य पुजारी ने पूजा करवाया।

### सरयू घाट पर महाआरती में शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सरयू घाट पर महाआरती में भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पवित्र सरयू नदी पर पूजा-अर्चना भी किया। इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

### मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कही ये बात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दौरे के बाद श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा बहुत अच्छा लगा। राष्ट्रपति ने राम लला के दर्शन किए। उन्होंने आरती की। मुझे लगता है कि यह भगवान राम के सभी भक्तों के लिए एक सबक है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भगवान राम के प्रति कितने समर्पित हैं।

### बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

# हैदराबाद सीट पर अभी तक अजेय थे असदुद्दीन ओवैसी, इस बार मिल रही कड़ी चुनौती





चार बार के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद लोकसभा का चुनाव कभी लड़े नहीं, बस जीते ही हैं। जीत का अंतर भी लाखों में...। कोई पार्टी उनके सामने इतना दमदार उम्मीदवार ही नहीं उतार पाई कि उन्हें चुनाव लड़ना पड़ता। तभी, वह 20 साल से अजेय हैं। उनके पिता भी 20 साल तक यूं ही जीतते आए थे। हालांकि, इस बार का मामला अलग है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की डॉ. माधवी लता से है। वह राजनीति में नई हैं, लेकिन वाकपटुता में निपुण। तभी, पांचवीं बार जीतने के लिए ओवैसी को डटकर चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

# बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु.... हर जगह OBC का हक मार रहे मुस्लिम, यूँ ही PM मोदी को नहीं कहना पड़ा- मेरे जीते जी नहीं चलेगा मजहबी आरक्षण





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा अनुसूचित जनजाति (ST), अनुसूचित जाति (SC) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) का आरक्षण मुस्लिमों में बाँटने नहीं देगी। पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की विपक्षी दलों की घोषणा का पुरजोर विरोध किया।तेलंगाना के जहीराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मंगलवार (30 अप्रैल 2024) को कहा, “कॉन्ग्रेस वाले सुन लें... उनके चट्टे-बट्टे सुन लें... उनकी पूरी जमात सुन ले... जब तक मोदी जिंदा है, मैं दलितों का, एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं देने दूँगा... नहीं देने दूँगा।”प्रधानमंत्री ने आगे कहा, “कॉन्ग्रेस फिर से देश को उन्हीं पुराने दिनों में ले जाना चाहती है। अगर कॉन्ग्रेस सत्ता में आ गई तो वे विरासत कर लाएँगे। कॉन्ग्रेस विरासत (माता-पिता से प्राप्त धन-संपत्ति) पर टैक्स लगाकर आपकी 55 प्रतिशत संपत्ति पर कब्जे की योजना बना रही है।” इससे पहले भी पीएम मोदी ने कॉन्ग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया था। पीएम मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह धर्म के आधार पर देश में आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। भारत का संविधान भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की व्यवस्था पर रोक लगाता है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कहा है कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लिया है जो संवैधानिक रूप से गलत है।दरअसल, देश में आरक्षण की व्यवस्था धर्म के आधार पर ना होकर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित लोगों के लिए है।

# इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया नामाँकन



**सवांददाता, रांची**

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज नामाँकन किये उसके बाद जिला स्कूल परिसर में तेज धूप में भी लोगो के उत्साह देखते बन रहा था और हज़ारों हज़ार की भीड़ की उपस्थिति में सभा किये,इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने की । इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन,पूर्व वित्त मंत्री रहे यशवन्त सिन्हा,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कैबिनेट मंत्री आलमगीर अलाम,बादल पत्रलेख,बन्ना गुप्ता,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर,राजद से मंत्री सत्यानन्द भोक्ता,जेएमएम से फागु बेसरा,बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव,बड़कागांव विधायिका अम्बा प्रसाद,पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह,योगेंद्र साव,ममता देवी,बजरंग महतो,भीम कुमार,संजय पासवान,कुमार गौरव सिंह,महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,मथुरा महतो,जयशंकर पाठक,केदार पासवान,अशोक चौधरी ,अजय सिंह,सुरेंदर सिंह,बिनय सिन्हा दिप्पू ,बिनोद कुशवाहा,संजू बेदिया,कमल नयन सिंह,मुन्ना सिंह,डॉ आर सी मेहता,महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,निसार खान,राजद से हीरामन यादव,राजू खण्डेलवाल,, शैलेंद्र सिंह, गणेश सीटू,शान्तनु मिश्रा,सहित दिग्गज नेतागण के अतिरिक्त महागठबंधन के नेतागण,प्रदेश,ज़िला और महानगर,प्रखंड कमिटी,बीस सूत्री व मंच मोर्चा के अध्यक्ष और नेता उपस्थित रहे ।


इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है और झूठ की राजनीति करती है, जब-जब चुनाव आता है तब तब नया-नया जुमला लेकर आती है भाजपा की गारंटी योजना भी सिर्फ एक जुमला है झूठे वादे कर लोगों को ठगने का काम करती है, श्री सोरेन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे इन्होंने कहा कि अब तक जनता से किए गए वादों को भाजपा ने पूरा नहीं किया भाजपा आदिवासी की विरोधी है बीजेपी पार्टी से सावधान रहने की आवश्यकता है उपस्थित भीड़ को देखकर यह अहसास हो गया यहां से महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत होगी हम हजारीबाग और झारखंड के 14 सीटो पर जीत दर्ज करेंगे । सभा को पूर्व वित्त और विदेश मंत्री यशवन्त सिन्हा ने सम्बोधित करते हुए कहा की हज़ारीबाग़ को बचाना है और हमने यह प्रण लिया है की हज़ारीबाग़ को आततायी शक्तियो से बचाएगे है और जय प्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जीताना है और हज़ारीबाग़ को सुरक्षित हाथों में सौपना है । इस अवसर पर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की देश में सिर्फ राहुल गांधी की गारंटी चलेगी , यह चुनाव लोकतंत्र संविधान को बचाने व तानाशाह को रोकने का है । भाजपा की अलग नीति रही है सिर्फ झूठ बोल रही है अच्छे दिन लाने वाले आज भूल गए हर साल 2 करोड़ बेरोजगार को रोजगार देने की बात जुमला साबित हुआ ।

# जयराम महतो को बोकारो से रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार, रांची में विधानसभा घेराव का है मामला



**सवांददाता, बोकारो**

जयराम महतो को नामांकन दाखिल करने के बाद अरेस्ट कर लिया गया है. रांची में विधानसभा घेराव मामले में उनकी गिरफ्तारी की गयी है. उनके खिलाफ वारंट जारी था. बोकारो में चुनावी सभा के बाद पुलिस उन्हें रांची लाएगी. बुधवार को जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए नगड़ी इंस्पेक्टर व डीएसपी बोकारो पहुंचे और नामांकन दाखिल करने के बाद अरेस्ट कर लिया. नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार किया है.



## दिल्ली पुलिस ने राजेश ठाकुर को भेजा नोटिस:अमित शाह वायरल वीडियो मामला,कल दिल्ली पुलिस के स्पेशल ब्रांच में बुलाया




**सवांददाता, रांची**

रांची: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का एडिटेड फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड और शेयर करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को तलब किया है। उन्हें सीआरपीसी की धारा 160/91 के तहत भेजे गए समन में 2 मई को सुबह 10.30 बजे दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा गया है।

### कानूनी सलाह के बाद दिल्ली पुलिस को देंगे जवाब

राजेश ठाकुर ने बुधवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें बुधवार शाम दिल्ली पुलिस का नोटिस मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की ओर से उन्हें क्यों नोटिस भेजा गया है, ये समझ से परे है। यह आराजकता की स्थिति है। पहले देखना चाहिए कि जिस वीडियो की बात की जा रही है, वो उनके ट्विटर हैंडल पर है या नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में वो अपने कानूनी सलाहकारों से बात कर रहे हैं, जो भी होगा मुकम्मल जवाब दिया जाएगा।

### मोबाइल फोन-लैपटॉप साथ लाने का निर्देश

राजेश ठाकुर को अपना मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ लाने को कहा गया है, जिसका कथित इस्तेमाल 'एक्स' पर फर्जी वीडियो शेयर करने में किया गया हो सकता है।

### रांची के अरगोड़ा थाने में भी दर्ज कराई शिकायत

इधर, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी केंद्रीय गृह मंत्री का फर्जी वीडियो शेयर करने के मामले में रांची के अरगोड़ा थाने में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिन लोगों को नामजद किया गया है, उनमें शैलेंद्र हाजरा और रूपेश रजक शामिल हैं। यह एफआईआर भाजपा जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो के आवेदन पर दर्ज हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीडियो की एक कॉपी पेन ड्राइव के माध्यम से पुलिस को उपलब्ध करवाई है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार आरक्षण जैसे मुद्दे पर अमित शाह ने कभी नहीं कहा कि इसको खत्म कर दिया जाएगा। फेक वीडियो न सिर्फ अमित शाह का व्यक्तिगत मानहानि है बल्कि यह देश के सामने गलत तथ्य रखने का प्रयास भी है।




## 2 दिन, 3 शहर, तीसरे फेज की वोटिंग से पहले झारखंड आ रहे PM मोदी, इन जगहों पर होगी रैली



**सवांददाता, रांची**

**रांची.** लोकसभा चुनाव में दो चरणों का मतदान खत्म हो गया है. झारखंड में चौथे चरण से वोटिंग शुरू होगी. प्रदेश की 14 सीटों के लिए चार चरणों में मतदान होना है, ऐसे में सभी दलों की तैयारियां तेज हो गई है. इस बीच प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के दौरे पर आ रहे हैं. पीएम मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे. तीन मई शुक्रवार को दिन में तीन बजे चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के चुनाव प्रचार करेंगे.चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डा में पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे. उसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा लोकसभा के गुमला जिले के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे. रांची बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ ने बताया कि झारखंड के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री मोदी, 2 दिन में ताबड़तोड़ रैलियां करेंगे. लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों का मतदान खत्म हो गया है. झारखंड में चौथे चरण से वोटिंग शुरू होगी.प्रदेश की 14 सीटों के लिए चार चरणों में मतदान होना है. ऐसे में सभी दलों की तैयारियां तेज हो गई है. इस बीच प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के दौरे पर आ रहे हैं.पीएम मोदी चाईबासा पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे. रांची सांसद और भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा प्रधानमंत्री अपने दौरे में 3 मई को रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे. निश्चित तौर पर जब वो एयरपोर्ट से राजभवन जाएंगे तो उनको देखने के लिए सड़क पर जनसैलाब उमड़ पड़ेगा. पीएम की झारखंड में होने वाली जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह है.

# इंटर साइंस में ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस के 90% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



**सवांददाता, विष्णुगढ़**

विष्णुगढ़ । विष्णुगढ़ प्रखंड बैंक ऑफ़ इंडिया के नजदीक स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस का रिजल्ट बहुत ही बेहतरीन रहा है । इस इंस्टीट्यूट से जैक द्वारा आयोजित इंटर साइंस के परीक्षा में लगभग 80 परीक्षार्थी भाग लिए थे । 80 बच्चों में से लगभग 72 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए और द्वितीय श्रेणी से 3 बच्चे पास हुए। ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस के निर्देशक सुनील कुमार और प्रदीप कुमार महतो ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को ढ़ेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी तरह से जीवन में सफलता अर्जित करते रहो और आगे बढ़ते रहो। संस्थान के छात्र अमित 413, सचिन 400, अनीश 399 सचिन 398 तनु 397 रिया 394 पम्मी 391 रोशन 387 मोहसिन 380 उपेंद्र 380 अनीश 379 विक्रम 377 प्रतिष्ठा 375 शुभम 372 पूजा 368 राजेंद्र 368 कोमल 367 प्रियंका 367 सिकंदर 363 रिंकू 362 आनंद 360 राधिका 357 पूनम 357 लक्ष्मी 356 नीतू 351 सुषमा 348 चिंकी 343 ममता 336 उषा 334 चंद राजा 334 राहुल 333 सलेहा 332 काजल 329 बसंती 327 रूपा 327 काजल 323 काजल 321 विमल 320 हेमंत 317 राधिका 314 निक्की 313 काजल 312 पूजा 312 सुमन 311 रामचंद्र 311 सुंदरी 308 चंचल 304 सुमन 304 पूजा 303 सुमन 300 इत्यादि कई बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए।

# नशे के सौदागरों के विरुद्ध इटखोरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई बड़ी मात्रा में अवैध शराब हुआ जप्त।




# ऊंचाघाना में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**विष्णुगढ़** । विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत के ऊंचाघाना में श्रम अधीक्षक अनिल देव रंजन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विष्णुगढ़ प्रखंड श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो ने कहा कि 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान एवं निष्पक्ष एवं बिना लोभ लालच के मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। जाति, धर्म ,भाषा, किसी के बहकावे में ना आकर स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । मौके पर टेकलाल महतो नारायण महतो गोमा तुरी सीताराम तुरी कमल महतो मणितुरी कृषक मित्र गोविंद महतो इत्यादि ग्रामीण लोग मौजूद थे।


# अपराध जगत का राजधानी बना पोड़ैयाहा युवाओं के हाथ से कलम छीन थमाया जा र है पिस्टल व कारतूस:-वी के यादव



**सवांददाता, दुमका**

**दुमका।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश महासचिव सह सदस्यता प्रभारी विकास कुमार यादव उर्फ वी के यादव ने *खेद व्यक्त करते हुए कहा कि एजुकेशन हब के रूप में विकसित पोड़ैयाहाट आज अपराध जगत का राजधानी बन चुका है। आखिर कौन है वह जिसके द्वारा स्थानीय युवाओं के हाथ से कलम छीनकर उनके हाथों में पिस्टल, कट्टा व कारतूस थमाया जा रहा है ?ज्ञात हो कि विगत 20- 25 वर्षो से पोड़ैयाहाट का डेमोग्राफी पूरी तरह से चेंज हो गया है। छोटा सा पोड़ैयाहाट बाजार कभी शिक्षा का मुख्य केंद्र के नाम से सुमार था, जहां पठन- पाठन का कार्य करने विद्यार्थी दूर- दराज से आया करते थे, प्राइमरी स्कूल से लेकर 10+2 तक के कुल 40 के करीब विद्यालय/ महाविद्यालय आज भी अवस्थित है । हमलोगों ने भी 35 वर्ष पूर्व पोड़ैयाहाट से ही प्रारंभिक शिक्षा हासिल किया था, परन्तु इन दिनों कुछ अपराधी गिरोह के सदस्यों ने पोड़ैयाहाट को आतंकित कर रखा है। बीते करीब दो सप्ताह पूर्व मामूली विवाद में पोड़ैयाहाट निवासी शैलेंद्र भगत की गोली मार कर जघन्य हत्या कर दी है। बताया जाता है कि गोली मारने वाले अपराधी स्थानीय विधायक प्रदीप यादव जी के गांव तथा उनके आसपास के रहने वाले हैं, जो बेहद ही शर्मसार करने वाली बात है। यहां हर दो- तीन माह में यहां हत्या जैसी कोई न कोई वारदात घटित हो ही जाती है । गोड्डा जिला प्रशासन से हम पूछना चाहते हैं कि आखिर युवाओं के हाथ से कलम छीनकर उनके हाथों में कट्टा, पिस्टल व कारतूस थमाने वाले कौन लोग है, जो अपनी निजी राजनीतिक स्वार्थ के चलते युवाओं के भविष्य को गर्त में डाल रहे हैं तथा उन्हें राजनीतिक संरक्षण देकर अपराध को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं । गोड्डा जिला प्रशासन को इसकी तह तक जाने की जरूरत है ताकि अन्य किसी युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से बच सकें तथा अपराधियों पर नकेल कसा जा सकें ।अन्यथा गुंडे व अपराधियों के द्वारा किए जा रहे इस तरह के घृणित कार्य के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जन आंदोलन करने को बाध्य होगी । युवा वर्ग चाहें किसी भी जाति बिरादरी से ताल्लुक रखते हों, वे देश के भविष्य और उनके उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले वैसे राजनेताओं को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) बेनकाब करेगी तथा उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का माद्दा भी रखता है ।

# पप्पू यादव ने न तो जाप का विलय कराया, न कांग्रेस के सदस्य बने; पार्टी बोली- पर्ची है तो दिखाएं



**सवांददाता, पटना**

Pappu Yadav : पूर्णिया से चुनाव लड़ने के लिए दिल्ली जाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने की पूर्व सांसद पप्पू यादव के फोटो-वीडियो जारी किए गए थे, कांग्रेस ने ही उसे गलत बता दिया है। पप्पू यादव की पार्टी का विलय भी नहीं होने की बात कही जा रही।"पप्पू यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण नहीं की। उनकी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय नहीं हुआ है।"- यह कांग्रेस ने अब औपचारिक रूप से घोषित कर दिया है। इसी साल 20 मार्च को दिल्ली जाकर पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी इसका फोटो-वीडियो सामने आया था। लेकिन, अब कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने पटना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान साफ किया कि पप्पू यादव के कांग्रेस में शामिल होने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। उनसे जब पूछा गया कि दिल्ली की वह तस्वीरें क्या थीं तो उन्होंने उलटा सवाल किया- "कांग्रेस मुख्यालय में बहुत सारे लोग नाश्ता करने भी आते हैं, मीडिया के लोग भी आते हैं तो क्या सभी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने ही आते हैं?" उन्होंने कहा कि अगर उनके कांग्रेस ज्वाइन करने की कोई पर्ची है तो दिखा दें।

## शब्दों से समझें कि कहां के रहे पप्पू यादव

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक शर्मा बुधवार को पटना में मीडिया से कई मुद्दों पर बात कर रहे थे। इसी क्रम में पूर्णिया से निर्दलीय उतरे प्रत्याशी पप्पू यादव को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने खरे शब्दों में बता दिया कि कांग्रेस सदस्यता की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। पहले पढ़ें सवाल-जवाब शब्दश:मीडिया- पप्पू यादव ने अपनी पार्टी को कांग्रेस में विलय कराया था। उसके बाद भी उनकी बात नहीं मानी गई। क्यों?

आलोक शर्मा- नहीं मर्ज नहीं किया गया था। जहां तक मेरी जानकारी है, उन्होंने सदस्यता भी नहीं ली थी। उन्हें पटना में आकर मेंबरशिप लेनी थी, लेकिन उन्होंने नहीं ली। अगर आपके पास मेंबरशिप की पर्ची होगी तो आप हमें जरूर दीजिएगा।

मीडिया- तो पप्पू यादव कांग्रेस मुख्यालय में नाश्ता करने के लिए गए थे क्या?

आलोक शर्मा- कुछ लोग नाश्ता करने के लिए भी चले जाते हैं। पत्रकार भी बहुत आते हैं। तो, क्या यह सब कांग्रेस ज्वाइन कर लेते हैं?

मीडिया- प्रेस कांफ्रेंस भी हुआ था इसका।

आलोक शर्मा- प्रेस कॉन्फ्रेंस तो बहुत लोग करते हैं एक साथ। पूर्ण प्रक्रिया नहीं हो पाई थी। अब उनके मन में क्या है, नहीं है... यह तो पप्पूजी ज्यादा बेहतर बता सकते हैं।

# चाय बनाते समय फटा गैस सिलेंडर, मां सहित 3 बच्चे जिंदा जले



**सवांददाता, पटना**

बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली इलाके में एक घर में रसोई गैस के एक सिलेंडर के अचानक फटने के बाद लगी आग में 30 वर्षीय एक महिला और उसके तीन बच्चों की जलकर बुधवार सुबह मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों में मृतका का एक भाई और बहन भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज लाया गया था जहां इलाज के दौरान मां और तीन बच्चे की मौत हो गई जबकि दो लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में परिवार पूरा उजड़ गया।

## जानिए पूरा मामला

बुधवार सुबह 7 बजे करीब महिला चाय बनाने के लिए गई थी। जैसे ही उसने गैस चूल्हा जलाया कि सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। मृतकों की पहचान किशनगंज के पौआखाली गांव निवासी मोहम्मद अंसार की पत्नी साहिबा के अलावा बच्चों में 8 वर्षीय अनीशा, 4 वर्षीय आरुषि और 5 वर्षीय अनीश के रूप में हुई है। घटना के बाद से ही परिजनों में चीख पुकार मची है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा है। मृतका का पति मेरठ में काम करता है। पुलिस मामले के जांच में जुटी हुई है कि सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से ही आग लगी है या फिर कोई अन्य वजह है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामला का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## CM नीतीश ने जताया शोक

# 'रामायण' में कैकेयी के रोल पर बोलीं लारा दत्ता, कहा- 'अगर मुझे इसमें कोई रोल'...



पूर्व मिस यूनिवर्स और एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति: बालाकोट एंड बियॉन्ड' के प्रमोशन में बिजी हैं। प्रमोशन के दौरान वह कई इंटव्यूज भी दे रही हैं। इसी बीच अब हाल ही में अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू के दौरान लारा दत्ता ने नितेश तिवारी की 'रामायण' के बारे में बात की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म के सेट से वायरल हो रही उनकी तस्वीर पर भी रिएक्ट किया है। जानिए लारा दत्ता ने अपने रोल के बारे में क्या कहा है।

## जानिए कैकेयी के रोल पर लारा दत्ता ने क्या कहा

पूर्व मिस यूनिवर्स और एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति: बालाकोट एंड बियॉन्ड' के प्रमोशन में बिजी हैं। प्रमोशन के दौरान वह कई इंटव्यूज भी दे रही हैं। इसी बीच अब हाल ही में अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू के दौरान लारा दत्ता ने नितेश तिवारी की 'रामायण' के बारे में बात की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म के सेट से वायरल हो रही उनकी तस्वीर पर भी रिएक्ट किया है। जानिए लारा दत्ता ने अपने रोल के बारे में क्या कहा है।


Domino's Pizza
ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.


Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss



फिर एक बार
मोदी सरकार
एयरपोर्ट, मेट्रो और
हाइवे का करेंगे
विस्तार
ये है
मोदी की
गारंटी
कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं


SALE!
ABHI IT
SERVICES
50%
OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी
तरह की वेबसाइट बनाने के
लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com

# रिंकू के परिवार का सपना टूटा:पिता बोले- हम मिठाई-पटाखे लेकर आए थे, बेटे ने बताया उसका सिलेक्शन नहीं हुआ



BCCI के सिलेक्टर्स ने मंगलवार को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह सिलेक्शन के मजबूत दावेदार थे लेकिन उनको जगह नहीं मिली। इससे रिंकू के परिवार वाले बहुत निराश हैं। उनके पिता खानचंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- हम मिठाई और पटाखे लेकर आए थे। हमें पूरी उम्मीद थी कि बेटा वर्ल्ड कप खेलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मिठाई-पटाखे रखे रह गए।रिंकू को 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। वे रिजर्व प्लेयर शामिल किया गए है। यानी मुख्य स्क्वॉड का कोई खिलाड़ी अगर खिलाड़ी चोटिल होता है तो रिंकू को जगह मिल सकती है।खानचंद्र ने कहा, उम्मीदें तो बहुत थी और इसलिए थोड़ा दुख भी है। हम जश्न मना रहे थे, क्योंकि हमने सोचा था कि रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में होगा। उसका दिल तो टूटा है। उसने अपनी मां से बात की और बताया कि उसका नाम 11 या 15 में नहीं है। यह भी बताया कि वो रिजर्व के तौर पर वेस्टइंडीज-अमेरिका जा रहा है। रिंकू सिंह टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से खेलते हुए 15 मैचों में 356 रन बना चुके हैं। टीम में उनका स्ट्राइक रेट 176 का है। दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव का भी स्ट्राइक रेट (171.55) उनसे कम है।रिंकू ने साल 2023 में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। वहीं, उन्होंने आखिरी मैच इसी साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था।




# T20 World Cup के लिए ऋषभ पंत ने कैसे घटाया 16 किलो वजन




नई दिल्ली: जानलेवा सड़क हादसे के बाद *15* महीने का गैप लेकर ऋषभ पंत जब मैदान पर उतरे तो बदले-बदले से नजर आए। वह न सिर्फ पहले से ज्यादा फिट दिख रहे हैं बल्कि आईपीएल में भी शानदार फॉर्म शो कर रहे हैं। *11* पारियों में *398* रन के साथ वह मौजूदा सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सिलेक्टर्स ने इस शानदार प्रदर्शन का ईनाम उन्हें भारतीय टी-*20* वर्ल्ड कप स्क्वॉड में शामिल करके दिया। *30* दिसंबर *2023* की रात हुए उस भीषण हादसे के बाद यह ऋषभ पंत की दूसरी जिंदगी है। कई सर्जरी और रीहैब से गुजरने वाले पंत के सामने बढ़ता वजन भी एक चुनौती थी। अब, जब ऋषभ पंत भारतीय जर्सी में नजर आने वाले हैं तो उनकी संघर्ष की दास्तां सामने आ रही है।ऋषभ पंत के करीबी सूत्र ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कई खुलासे किए, वह बतातें हैं कि, 'ऋषभ ने दिसंबर के अंत से कम कैलोरी वाला खाना शुरू कर दिया। यदि उसका शरीर प्रतिदिन *1400* कैलोरी की मांग करता था, तो उसे लगभग *1000* कैलोरी दी जाती थी। यह उनके लिए कठिन था क्योंकि उन्हें मैच फिटनेस हासिल करने के लिए बहुत कड़ी ट्रेनिंग करनी पड़ी और अपने घायल दाहिने पैर की मांसपेशियों को मजबूत करना पड़ा। पंत अपने भोजन में स्वाद चाहते थे इसलिए जब वह एनसीए में थे तो वह किसी होटल के बजाय बेंगलुरु में एक किराए के घर में रहने लगे। उन्हें घर का बना खाना पसंद था, उन्हें केवल *5* मिलीलीटर अतिरिक्त वर्जिन जैतून का तेल लेने की अनुमति थी। वह चिल्ली चिकन के प्रति अपना प्रेम नहीं छोड़ सके तो इतने तेल में इसे बनाने की विधि निकाली गई। गोवा की भिन्डी उनकी पसंदीदा में से एक थी।'रिपोर्ट में बताया गया है कि पंत को बिरयानी और फ्राइड चिकन के अलावा रसमलाई भी छोड़नी पड़ी। ऋषभ पंत को सुशी बहुत पसंद है, लेकिन वो खाने की भी अनुमति नहीं थी। पिछले चार महीनों में पंत ने *16* किलो वजन कम किया है।

